GHS PATTANCHERY
SECOND TERM MODEL EXAM 2018
HINDI

CLASS:10 SCORE-40 TIME-90M

www.shenischool.in

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद।
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद

1. पंक्तियों में किसका वर्णन है? (1)

(अकाल की स्थिति का; अकाल के पूर्व की स्थिति का; अकाल के बाद की स्थिति का)

2. 'चमक उठीं घर भर की आँखें'–का मतलब क्या है? (1)

3. कवि ने अकाल के बाद का चित्रण कैसे किया है? टिप्पणी लिखें। (4)

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी।

4. 'उसके' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)

(वह; हम; वे)

5. '**अनुकरण करना**' के अर्थ में प्रयुक्त प्रयोग चुनकर लिखें। (1)

(नकल उतारना, फैला देना, बातचीत करना)

6. **मान लें, इस दिन चार्ली की माँ अपने विचारों को डायरी में लिखती है। उनकी डायरी कल्पना करके लिखें।** (4)

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सूरज जब चौखंभा पर्वत के पीछे से उदय होने लगता है तब जेठ शुरू हो जाता है। पहाड़ की सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। अपने घर की छत से जब मैं बद्रीनाथ यात्रा-मार्ग की भीड़ देखता हूँ तो भूल जाता हूँ कि महज दो महीने पहले यह घाटी एकदम शांत थी।

7. संबंध पहचानें और सही मिलान करें। (4)

दो महीने पहले	जेठ शुरू हो जाता है।
घर की छत से	गाड़ियों से भर जाती है।
पहाड़ियों की सड़कें	घाटी एकदम शांत थी।
चौखंभा पर्वत के पीछे से सूर्योदय होने लगता है।	मैं भीड़ देखता हूँ।

8. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। (1)

जेठ शुरू हो जाता है। जेठ शुरू हो जाएगा।

सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। ....।

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।"

जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- "पानी कहाँ से लाएगी?"

"ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?"

"हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।"

9. 'गंगी' के बदले 'जोखू' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। (1)

गंगी पानी लाएगी।

10. "हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।" इस कथन पर आपका विचार क्या है? (2)

11. कहानी के अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)

12. सूचना: वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें। (2)



सूचना : 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रेलगाड़ी के रुकते ही हमने ड्राइवर को सारा मामला समझा दिया। उसे एक चौथाई मील पीछे लौटना होगा और वहाँ से रेलगाड़ी फिर हमारी तरफ़ आएगी। हम समय के अंदाज़ से सवारी सहित ऊँटों के दल को रवाना कर देंगे।

13 'रेलगाड़ी' के स्थान पर 'ऊँटों का काफ़िला' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

रेलगाड़ी फिर हमारी तरफ़ आएगी।

14 'हम ऊँटों के दल को रवाना कर देंगे' –वाक्य में 'कर देंगे' क्रियारूप का सीधा संबंध किस शब्द से है? (1)

(दल; ऊँट; हम)

15 सत्यजीत राय शूटिंग के संबंध में ड्राइवर को समझा रहे हैं। इस प्रसंग पर ड्राइवर और सत्यजीत राय के बीच का वार्तालाप लिखें। (4)

सूचना:कविता का यह अंश और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें

प्यारी-प्यारी जल की बूँदें
बरसातों में खेलें कूदें।
ऊपर से गिरकर मिट जाए,
सभी बच्चों का दिल बहलाए।
सारे मिल बूँदें बन जाएँ
तब मानव की प्यास बुझाएँ।
पानी को हम चलो बचाएँ,
बिना वजह इसे न बहाएँ।

16 यह आशयवाली दो पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें।
'जल का दुरुयोग न करके संरक्षण करें।' (2

17 इस कवितांश का आशय लिखें। (3

18 प्रकृति संरक्षण की संदेश देते हुए पोस्टर तैयार करो (3)

www.shenischool.in